भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2834
वृहस्पतिवार, दिनांक 05 अगस्त, 2021 को उत्तर दिए जाने हेतु

एनबीएमएमपी की स्थिति

2834. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:
डॉ. उमेश जी. जाधवः
श्री प्रताप सिम्हाः
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्लेः
श्री रेबती त्रिपुराः
श्री अनुराग शर्माः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में वर्तमान में राष्ट्रीय बायो-गैस और खाद्य प्रबंधन कार्यक्रम (एनबीएमएमपी) का क्रियान्वयन कर रही है;

(ख) यदि हां, तो कर्नाटक सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) कर्नाटक राज्य में एनबीएमएमपी के अंतर्गत स्थापित बायो-गैस संयंत्रों की संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा बायो-गैस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए आगे क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है तथा एनबीएमएमपी के अंतर्गत बायो-गैस संयंत्र में नई व्यवहार्य प्रौद्योगिकी शुरू करने के संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा कर्नाटक राज्य सहित देश में नवीन राष्ट्रीय बायोगैस और जैविक खाद कार्यक्रम (एनएनबीओएमपी) का कार्यन्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत, परिवार-आकार के बायोगैस संयंत्रों (1 से 25 घन मीटर बायोगैस प्रति दिन) को सहायता प्रदान करने के लिए 7500/- रु. से 35,000/- रु. प्रति संयंत्र केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान की जा रही थी। यह योजना 31.03.2021 तक मान्य थी। योजना को 31.03.2021 से आगे अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक जारी रखने का प्रस्तावित किया गया है।

(ग) वर्तमान वर्ष (2021-22) सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त एनएनबीओएमपी योजना के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा अनुलग्नक पर दिया गया है।

(घ) कर्नाटक राज्य में एनबीएमएमपी और उसकी उत्तरवर्ती योजना एनएनबीओएमपी के तहत स्थापित परिवार-आकार के बायोगैस सयंत्रों की कुल संख्या 5,12,729 है।

(ङ) एनएनबीओएमपी के तृतीय पक्ष मूल्यांकन में सीएफए में वृद्धि के साथ इसे जारी रखने की सिफारिश की गई है। एनएनबीओएमपी को 31.03.2021 से आगे जारी रखने का प्रस्ताव करते समय तृतीय पक्ष मूल्यांकन की इस सिफारिश तथा अन्य सिफारिशों पर विचार किया गया है।

बायोगैस संयंत्रों के नए व्यवहार्य डिजाइनों को प्रोत्साहित करने के लिए, एमएनआरई ने जनवरी, 2020 के दौरान प्रस्ताव के लिए अनुरोध के माध्यम से आमंत्रित किए गए नए डिजाइनों का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। विशेषज्ञ समिति द्वारा सिफारिश किए गए डिजाइनों को देश के विभिन्न क्षेत्रों और जलवायु परिस्थितियों के दौरान दीर्घ कालिक फील्ड कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

अनुलग्नक

"एनबीएमएमपी की स्थिति" के संबंध में पूछा गया दिनांक 05.08.2020 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2834 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्तमान वर्ष और पिछले 3 वर्षों के दौरान एमएनआरई की एनएऩबीओएमपी योजना के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा निम्नलिखित है:

(राशि करोड़ रु. में)

वर्ष	कुल आवंटित धनराशि	जारी निधियों की कुल राशि	उपयोग की गई निधियों की कुल राशि
2018-19	78.00	42.72	39.11
2019-20	51.00	34.68	32.45
2020-21	46.50	31.74	31.24
2021-22	95.00	0.00*	0.00

* वर्तमान में इस कार्यक्रम का 31.03.2021 से आगे कार्यान्वयन करने पर विचार किया जा रहा है।

*****